आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 26.12.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में शीतकालीन यात्रा और पर्यटकों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की।
- कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने श्रीनगर विधानसभा में विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी के आयोजन को लेकर संबंधित विभागों की बैठक ली।
- चम्पावत जिले में दुग्ध उत्पादन को मिलेगा नया विस्तार। सशस्त्र सीमा बल और दुग्ध संघ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे और देश भर के बच्चों को प्रेरित करेंगे।

पुरस्कार विजेता बच्चों ने वीरता, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है।

## वीर बाल दिवस

वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल के मल्लीताल स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका और दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी तथा उनके चारों साहिबजादों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों साहिबजादों का बलिदान केवल भारत के इतिहास में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व इतिहास में साहस, धर्मनिष्ठा और त्याग का एक अनुपम व अनोखा अध्याय है। उनका यह बलिदान नई पीढ़ी को साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है तथा हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित बने रहने की शक्ति प्रदान करता है।

## मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में आज सुबह भ्रमण के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शीतकालीन यात्रा और नए वर्ष के दृष्टिगत पर्यटकों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं व यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पार्किंग, बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और अत्यधिक ट्रैफिक की स्थिति में वैकल्पिक रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक लिया। साथ ही पर्यटकों से बातचीत कर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखंड आने वाला हर पर्यटक एक सुखद और अविस्मरणीय अनुभव लेकर वापस जाए।

## शहीद ऊधम सिंह जयंती

राष्ट्र आज शहीद ऊधम सिंह को उनकी 126वीं जयंती पर याद कर रहा है। उनका जन्म 1899 में आज ही के दिन अविभाजित भारत में पंजाब के सुनाम गांव में हुआ था। इस क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी ने पंजाब के तत्कालीन लेफ्टीनेंट गवर्नर माइकल ओ डायर की हत्या करके जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार का बदला लिया था। इस अवसर पर ऊधमसिंह नगर जिले में शहीद ऊधम सिंह की जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित शहीद की प्रतिमा सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित उनकी प्रतिमाओं पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## कैबिनेट मंत्री समीक्षा

कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने आज श्रीनगर विधानसभा में विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी के सफल आयोजन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस चैंपियनशिप के तहत खो–खो, कबड्डी, पिट्ठू, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता ग्राम पंचायत स्तर से प्रारंभ होकर विद्यालय और विधानसभा स्तर तक संपन्न होगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे चलकर सांसद ट्रॉफी, मुख्यमंत्री ट्रॉफी और प्रधानमंत्री ट्रॉफी में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता अंडर–14 और अंडर–19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। साथ ही यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य करेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन किया जायेगा।

## दुग्ध उत्पादन समझौता

चम्पावत जिले में पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस कड़ी में सशस्त्र सीमा बल और दुग्ध संघ चम्पावत के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के अधिकारियों ने इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था, पशुपालन क्षेत्र और आत्मनिर्भर ग्रामीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। समझौते के तहत अब दुग्ध संघ चम्पावत द्वारा न केवल चम्पावत क्षेत्र में, बल्कि टनकपुर के चूका क्षेत्र और पंचेश्वर क्षेत्र में भी सशस्त्र सीमा बल को नियमित रूप से दुग्ध और दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे जिले के अधिक से अधिक पशुपालकों को अपने उत्पादों के लिए सुनिश्चित व स्थायी बाजार उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ ही दुग्ध उत्पादन को भी नई गति मिलेगी। इस समझौते से जहां सशस्त्र सीमा बल को गुणवत्तापूर्ण और ताजे दुग्ध उत्पाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे, वहीं जिले के पशुपालकों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होगा। यह पहल "वोकल फॉर लोकल" की भावना को सशक्त करते हुए ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने उप जिला चिकित्सालय, लोहाघाट का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं, मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों द्वारा ओटी कक्ष में आवश्यक सुधार की आवश्यकता बताए जाने पर इसके सुदृढ़ीकरण के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं से भी बातचीत की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।